
ददरेवा : सड़क हादसे में विवाहिता सोनू की मौत के मामले में आया नया मौड़, हत्या का आरोप लगाया

5 दिन में गिरफ्तारी नही करने पर दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

सादुलपुर , । सादुलपुर के ददरेवा में अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क हादसे में सोनू नामक विवाहिता की मौत मामले में नया मोड़ आ गया है। वही विवाहिता की मौत को लेकर दर्जनों लोग पुलिस थाना राजगढ़ के समक्ष पहुंचकर सोनू के ससुराल पक्ष के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे है।

वही मामले में आये नए मोड में ददरेवा निवासी मृतका के पिता प्रभुराम पुत्र आशाराम ढोली निवासी ओटू उम्र 53 साल निवासी ओटू पीएस राणिया तहसील राणिया जिला सिरसा हरियाणा ने थानाधिकारी राजगढ को लिखित रिपोर्ट देकर कथित हत्या का आरोप लगाते हुए मृतका सोनू की ससुराल पक्ष के गणेश व शिवरतन को 5 दिन के अन्दर गिरफ्तार करने की मांग की है। तथा चेतावनी दी है कि यदि 5 दिन में उक्त आरोपियों को गिरफ्तार नही किया गया तो रोड जाम कर चक्का जाम प्रदर्शन किया जायेगा। लिखित रिपोर्ट में लोगो के हस्ताक्षर युक्त परिवाद में आरोप लगाया गया है कि उसकी लडकी को घसीट कर मारा गया है व पत्थर की चोट से हत्या की गई है।

गौरतलब है कि 28 अक्टूबर 2026 को राजगढ थाना पुलिस में दर्ज मामले में प्रभुराम पुत्र आशाराम ढोली निवासी ओटू उम्र 53 साल निवासी ओटू पीएस राणिया तहसील राणिया जिला सिरसा हरियाणा ने रिपोर्ट देकर दर्ज करवाए मुकदमा में बताया था कि उसकी पुत्री सोनू की शादी लगभग 8 वर्ष पूर्व गणेश पुत्र शिवरतन ढोली निवासी ददरेवा के साथ सम्पन्न हुई थी। दिनांक 27 अक्टूबर 2026 की रात्रि को मोबाइल पर जयसिंह पूर्व सरपंच ने कॉल कर उसे बताया कि आपकी पुत्री सोनू का एक्सीडेंट हो गया है। जिस पर वह परिवार सहित सादुलपुर के सरकारी अस्पताल पहुंचा, जहां पर उसे लड़की का ससुर व अन्य ददरेवा के व्यक्ति मिले। उन्होंने बताया था कि मामले में उन्हें जानकारी मिली थी कि आपकी बेटी व दामाद पल्लू माता जी की धोक लगाकर वापिस बस से आये थे। ददरेवा बस स्टैण्ड से बस से उतर कर घर जा रहे थे, सादुलपुर से तारानगर सड़क से गांव के अन्दर जाने वाली सडक पर पैदल जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन को चलाकर सोनू के टक्कर मार दी एवं मौके से गाड़ी लेकर भाग गया। सोनू के पति व ससुर ने सोनू को संभाला। इतने में गांव के अन्य व्यक्ति भी आ गये, जिन्होंने सोनू को सादुलपुर के श्रीनाथ अस्पताल लेकर आये, वहां पर डॉक्टर ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। तथा विवाहिता के पिता ने बताया था कि मुझे शक है कि सोनू के ससुर व पति को उक्त गाड़ी की जानकारी होते हुए भी हमें नहीं बता रहे हैं। तथा मामले की गहनता से जांच कर कानूनी कार्यवाही की जावे। राजगढ थाना पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जाँच शुरू की थी। गौरतलब है कि इस दौरान विवाहिता की मौत मामले में मृतका के पिता प्रभु राम ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ राजगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया था।।वही पोस्टमार्टम कार्यवाही के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रिछपालसिंह चारण, डीएसपी हरिसिंह धायल व राजगढ़ थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने घटना की जानकारी ली थी और मृतका सोनू का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया था।



विवाहिता की मौत को लेकर दर्जनों लोग पुलिस थाना राजगढ़ पहुंच मामले की शीघ्र जांच की मांग की।

- 5 दिन में गिरफ्तार करने की मांग
- पूर्व में मृतका के पिता ने करवाया था अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज

ब्रिक्स देशों की महिला प्रतिभागी वनस्थली विद्यापीठ की छात्राओं के सर्वांगीण कौशल से हुए अभिभूत

वनस्थली विद्यापीठ की छात्राएँ सांस्कृतिक रूप से समृद्ध होने के साथ-साथ आधुनिक तकनीक और नवाचार में भी श्रेष्ठ



ब्रिक्स महिला शिखर सम्मेलन में इक्कीसवीं सदी में महिलाओं की भागीदारी राजनीतिक, उच्च शिक्षा पर मनन किया।

जयपुर। वनस्थली विद्यापीठ में चल रहे ब्रिक्स महिला शिखर सम्मेलन के अलग-अलग सत्रों में इक्कीसवीं सदी में महिलाओं की भागीदारी राजनीतिक, उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उद्यिमता, प्रशासन, सामाजिक विकास और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसे हो इसको लेकर अलग-अलग सत्रों में मंथन हुआ। एलेना अलेक्सांद्रोवा, हेड ऑफ़ द डिपार्टमेंट ऑफ़ स्पेसियल प्रोग्रामस ऑफ़ सेपरेट डिवीज़न, सेनेझ मैनेजमेंट वर्कशॉप ऑफ़ द एएनओ एवं एकतेरिना मित्यागिना एडवाइजर टू द गवर्नर ऑफ़ द किरोव रीजन, चीफ आर्किटेक्ट, ह्यूमन कैपिटल ट्रैक, प्रोजेक्ट ऑफिस ऑफ़ द सेनेझ मैनेजमेंट वर्कशॉपद प्राइस ऑफ लीडरशिप व्हाट सोशियोलॉजी टेल्स अस अबाउट द रिसोर्सेज एंड बैरियर्स ऑफ़ वीमेन मेनेजरस विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ । एलेना अलेक्सांद्रोवा ने रूस के महिला उत्थान के लिए किए गए प्रयासों के सरकारी योजनाओं को अपने अनुभवों को साझा किया और कहा कि ग्रामीण स्तर तक काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही ब्रिक्स देशों में ग्रामीण महिला नेतृत्व विकास पर ठोस योजना बनाकर अलग-अलग देशों में कार्यरत विविध क्षेत्रों की महिलाओं को काम करने की आवश्यकता है। एकतेरिना मित्यागिना ने अपने समाजशास्त्रीय अनुभवों के आधार पर बताया कि महिला नेतृत्व विकास के लिए जमीनी स्तर की समसयाओं को रूस और भारत की महिलाओं की जीवन-शैली को आधार बना कर इसे तुलनात्मक रूप से प्रस्तुत किया और बताया कि रूस की महिलाएँ भारत की तुलना में अपने अधिकारों और अपने भविष्य को लेकर अधिक जागरूक हैं।

- एलेना अलेक्संद्रोवा ने रूस के महिला उत्थान के लिए किए गए प्रयासों के सरकारी योजनाओं को अपने अनुभवों को साझा किया

उन्होंने वनस्थली विद्यापीठ की छात्राओं के सम्बन्ध में बताया कि पहले मैं वनस्थली विद्यापीठ को केवल एक सांस्कृतिक रूप से समृद्ध संस्था मान रही थी परंतु यहाँ आकर मेरी धारणा बदल गयी, यहाँ की छात्राएँ सांस्कृतिक रूप से जितनी समृद्ध हैं उतने ही अत्याधुनिक तकनीक और नवाचारमूलक उद्यिमता में भी दक्ष हैं। एआई, प्रबन्धन, आईटी प्रोफेशनल, उद्यिमता विकास को लेकर अधिक सजग हैं । तदुपरांत एलेना अप्रीना का स्ट्रेटेजिक सेशन-1 "आर्किटेक्चर ऑफ़ द फ्यूचर ए वीमेनस व्यू ऑफ़ द ब्रिक्स कल्चरल कोड" विषय पर आयोजित हुआ। इसमें शताधिक प्रतिभागियों ने नेतृत्व के अवसरों में असमानता, आर्थिक संसाधनों तक सीमित पहुँच, निर्णय-निर्माण में अपर्याप्त प्रतिनिधित्व तथा सामाजिक-सांस्कृतिक आदि अनेक चुनौतियाँ के सम्बन्ध में चर्चा का अपराह्न में सभी अतिथियों का वनस्थली विद्यापीठ परिसर भ्रमण का कार्यक्रम हुआ। पारम्परिक स्वागत विद्यापीठ की अध्यक्ष, प्रो0 सिद्धार्थ शास्त्री, कुलपति, प्रो0 ईना आदित्य शास्त्री, कोषाध्यक्ष, प्रो0 सुधा शास्त्री, वनस्थली सेंटर ऑफ़ आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के निदेशक व हेड, इंटरनेशनल रिलेशनस, प्रो. अंशुमान शास्त्री, छात्राओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। स्वागत द्वार पर वनस्थली सेवा दल के बैंड द्वारा मुख्य अतिथियों को सलामी दी गयी।

जोधपुर के खिलाड़ियों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में लहराया परचम

एक सौ से अधिक पदक जीतकर केंद्रीय विद्यालय -1 आर्मी विद्यालय का गौरव बढ़ाया

जोधपुर, (कासं)। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 आर्मी, जोधपुर के विद्यार्थियों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। जयपुर संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय के 79 छात्र एवं 65 छात्राओं सहित कुल 144 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल कौशल का परिचय देते हुए 100 से अधिक पदक हासिल किए।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. हितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि विद्यालय के लिए यह विशेष गौरव की बात है कि राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए विद्यालय के 24 खिलाड़ियों का चयन हुआ। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 7 पदक अपने नाम किए।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों में दीपेन ने बॉक्सिंग व उमेश ने जूड़ों में स्वर्ण पदक प्राप्त किया । रुद्राक्ष ने टेनिस में रजत पदक एवं वंदना ने तीरंदाजी में पदक। सुशीला ने एथलेटिक्स में पदक। इसी तरह साक्षी एवं हर्षा ने फुटबॉल में कांस्य पदक प्राप्त किया।

विद्यालय के चार खिलाड़ियों ने एक और उपलब्धि हासिल करते हुए एस जी एफ आई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी चयनित हुए । चयनित खिलाड़ियों में दो छात्र एवं दो छात्राएं शामिल हैं। छात्र वर्ग में दीपेन का बॉक्सिंग एवं उमेश का जूडो में एवं छात्रा वर्ग में वंदना का तीरंदाजी एवं हर्षा का फुटबॉल में चयन हुआ । यह चारों खिलाड़ी एस जी एफ आई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. हितेन्द्र प्रताप सिंह एवं उप प्राचार्य सुधीर शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, नियमित अभ्यास और प्रशिक्षकों के समर्पण के कारण विद्यालय को यह गौरवपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 आर्मी, जोधपुर के खिलाड़ियों की यह सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है।

- राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 7 पदक अपने नाम किए।
- राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों में दीपेन ने बॉक्सिंग व उमेश ने जूड़ों में स्वर्ण पदक प्राप्त किया । रुद्राक्ष ने टेनिस में रजत पदक एवं वंदना ने तीरंदाजी में पदक प्राप्त किया ।

अफीम तस्करी तस्करी का आरोपी रिमांड पर

सीकर । 98.40 ग्राम एमडी के साथ गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने अब एक साल पुराने अफीम तस्करी के मामले में पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी को 2 दिन के रिमांड पर लिया है। फिलहाल पुलिस मास्टरमाइंड के बारे में पता लगा रही है।

कोतवाली थाना सुनील कुमार जांगिड़ ने बताया कि 1 नवंबर को और कोतवाली पुलिस ने 98.40 ग्राम एमडी के साथ तस्कर हरिराम बाठोद(35) पुत्र पालचंद को गिरफ्तार किया था। इसे अब 1 साल पुराने अफीम तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

सदर थाना पुलिस ने 24 जुलाई 2025 को फॉर्च्यूनर गाड़ी से मनोज नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया गया था। उसके पास से करीब 40 लाख रुपए की अफीम मिली थी। तब आरोपी हरिराम भागने में सफल हो गया था। ऐसे में अब उस मामले में इसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को अंदेशा है कि हरिराम और इससे जुड़े हुए लोग सीकर शहर में एमडी सहित अन्य नशीले पदार्थ करने के बड़े डीलर है।

जेल में बंद विचाराधीन बंदी की तबीयत बिगड़ी,उपचार के दौरान मौत

सीकर । सीकर की शिवसिंहपुरा जिला जेल में बंद एक विचाराधीन बंदी की तबीयत बिगड़ने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक कैदी 63 वर्षीय भाउद्दीन है जो सीकर के मोहल्ला बिसातियान चौक का रहने वाला था।

वह जमीन से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में वर्ष 2025 से ज्युडिशियल कस्टडी में शिवसिंहपुरा जेल में बंद था।

जेल अधीक्षक इंद्र कुमार के अनुसार, भाउद्दीन की शुक्रवार शाम को अचानक तबियत खराब हो गई थी। जेल प्रशासन ने तुरंत उसे इलाज के लिए सीकर के अस्पताल पहुंचाया।

वहां डॉक्टर्स ने गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जयपुर के एसएमएस अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जयपुर में इलाज के दौरान शनिवार को भाउद्दीन ने दम तोड़ दिया।

प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण हार्ट फेल होना माना जा रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है और मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

यह मामला चर्चा का विषय बन गया है क्योंकि मृतक भाउद्दीन के भाई फखरुद्दीन की भी इसी साल 4 फरवरी को सीकर जेल में तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई थी। महज कुछ ही महीनों के अंतराल में एक ही परिवार के दो भाइयों की जेल में तबीयत बिगड़ने से हुई मौत से परिजन गहरे सदमे में है।

एमडीएस की शांति कुरी ने जीता कांस्य पदक

अजमेर, (निसं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर की महिला जूडो खिलाड़ी शांति कुरी ने पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता 2026-27 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अर्जित कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय, देसार, वड़ोदरा में आयोजित पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय जूडो महिला प्रतियोगिता में दिनांक 22 नवम्बर 2026 को 78 किलोग्राम भार वर्ग में शांति कुरी ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, आत्मविश्वास एवं संघर्षशीलता का परिचय देते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में महार्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर की ओर से विभिन्न भार वर्गों में कुल सात महिला खिलाड़ियों ने सहभागिता की। इनमें शांति कुरी की यह उपलब्धि इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ी को बधाई दी तथा कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

डूंगरपुर के व्यापारी से 50 लाख की लूट

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना क्षेत्र में शनिवार को 50 लाख रुपए की हुई लुट की घटना के बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें टोल नाकों से भागने वाले रूट के फुटेज खंगाल रही है। हालांकि अभी तक लुटेरों का सुराग नहीं लग सका है। मामले को लेकर थाना अधिकारी गोविंद व्यास ने बताया कि शनिवार को श्री डूंगरगढ के रहने वाले बाबूलाल शर्मा की जय भैरूनाथ नाम से ट्रेडिंग कंपनी है। उन्होंने शनिवार को एचडीएफसी बैंक में अपने खाते से चेक के माध्यम से 50 लाख रुपये निकाले थे।

बंदी ने अपनी मांग को लेकर की भूख हड़ताल

उदयपुर । उदयपुर जेल में बंदी ने अपनी मांग को लेकर भूख हड़ताल कर दी है। जिसे जेल चिकित्सालय में भर्ती करवाया है।

झूंझनूं निवासी कुलदीपसिंह पुत्र समुन्द्रसिंह उदयपुर जेल में बंद हैं तथा उसने अपनी मांग को लेकर भूखहड़ताल शुरू कर दी है। जिसे उपचार के लिए जेल चिकित्सालय में भर्ती करवाया है। कुलदीप सिंह ने जेल अधीक्षक राजपाल को अपनी मांग को लेकर जानकारी दी थी। इसके बावजूद कोई सुनवाई नहीं होने पर उसने भूख हड़ताल शुरू कर दी। कुलदीपसिंह हत्या के मामले में 15 नवंबर को शिकायत होने पर डीजी जेल के आदेश से उदयपुर जेल में ट्रांसफर कर दिया था। जो अपने पुराने साथियों के साथ रहना चाहता था या यहां से वापस जयपुर ट्रांसफर करवाना चाहता है।इस पर अमल नहीं होने पर 17 नंवबर से उसने भूखहड़ताल शुरू कर दी थी। इस पर जेल प्रशासन उसे ने चिकित्सालय में भर्ती करवाया है। इस सबंध में पूछने पर जेलर सुखाराम ने कुलदीपसिंह द्वारा भूख हड़ताल शुरू करने से रविवार तक की मेडिकल रिपोर्ट सरकार को भेजने की जानकारी दी है।

स्वास्थ्य विभाग मे टेंडर धांधली की जांच

उदयपुर, (कास)। उदयपुर के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एल. बामणिया के खिलाफ टेंडरों में धांधली के आरोपों की जांच दो महीने से अटकी हुई है। मामले में एसीबी की ओर से अब तक जांच की प्रगति को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। एसीबी के एएसपी राजीव जोशी के अनुसार जांच में प्रगति होगी तो ही बताएंगे। अभी कुछ खास नहीं है।बता दें कि एसीबी मुख्यालय जयपुर के तत्कालीन एसपी गोरधनलाल सौंकरिया ने 16 सितंबर 2026 को प्राथमिक जांच रजिस्टर्ड करते हुए उदयपुर एएसपी राजीव जोशी को इसका जिम्मा सौंपा था और जल्द रिपोर्ट भेजने के आदेश दिए थे।एसीबी एसपी ने बताया था कि जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही एफआईआर दर्ज करने सहित अग्रिम कार्रवाई तय की जाएगी। एसीबी के आदेश में बताया गया कि सीएमएचओ डॉ. बामणिया पर दवाइयां,सर्जिकल आइटम, उपकरणों की खरीद टेंडर में एजेंसियों की आपत्तियों को अनदेखा करने, टेंडर नियमों में बदलाव करने और चहेती फर्मों को लाभान्वित करने संबंधी आरोप हैं।

ट्रैक्टर ने बुलेट को मारी टक्कर, दो की मौत

सादुलपुर । सादुलपुर के हमीरवास थाना क्षेत्र में हरपालू के पास रविवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बोलेट सवार दो युवकों की मोके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का हिसार में इलाज चल रहा है। वही मृतक युवकों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परीजनो को सुपुर्द कर दिया है।

मृतकों की पहचान अनिल पुत्र दलबीर निवासी सरदारपुरा व राजेन्द्र निवासी सुन्दरपुर रोहतक के रूप में हुई है। घायल संजय पुत्र दलबीर निवासी सरदारपुरा है।

मृतक के पिता दलबीर पुत्र बुद्धराम जाट उम्र 55 साल निवासी सरदारपुरा, पुलिस थाना हमीरवास जिला चूरू ने थाना पर उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि आज दिनांक 22 नवम्बर 2026 को सुबह करीब 5.35 बजे उसके लडके अनिल व संजय अपनी बुलेट मोटरसाईकिल से सरदारपुरा से राजगढ को निकले थे। बुलेट उसका लड़का अनिल चलाकर ले गया था।

समय करीब 5.35 ए.एम. जैसे ही उसके लड़के हरपालू से निकले तो बीच रास्ते में उनका जानकार राजेन्द्र निवासी सुन्दरपुर रोहतक मिल गया, जिसने मोटरसाईकिल रुकवा ली। उसके लडके उक्त राजेन्द्र से बात चित कर रहे थे, तभी राजगढ़ की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से चलाकर तीनों के टक्कर मार दी। जिससे उसके लड़के अनिल एवं उसके जानकार राजेन्द्र

निवासी रोहतक की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा उसके दूसरे लडके संजय को चोटें आई, जिसका हिसार में इलाज चल रहा है।

मौके पर मौजूद पवन पुत्र वेदप्रकाश निवासी लीलावठी ने उसे उक्त दुर्घटना एवं दुर्घटना कारित करने वाले वाहन की जानकारी दी, जिस पर वह रिपोर्ट दर्ज करवाने आया है। हमीरवास थाना पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। जांच सहायक उप-निरीक्षक सुभाषचन्द्र सउनि को सौंपी गई है।

- एक घायल, हमीरवास थाने में मामला दर्ज करवाया पोस्टमार्टम

लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक की सहभागिता भी जरुरी : कमल मीना

जयपुर। पंचायती राज आम चुनाव-2026 के तहत ब्यावर जिले में निर्वाचन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर कमल राम मीना के नेतृत्व में निर्वाचन प्रक्रिया के प्रभावी संचालन, व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग, अधिकारियों के बीच समन्वय एवं समयबद्ध कार्ययोजना से लोकतंत्र का पर्व सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में सुदृढ व्यवस्थाएं एवं प्रभावी मॉनिटरिंग जिला निर्वाचन अधिकारी कमल राम मीना ने निर्वाचन तैयारियों से लेकर मतदान दिवस एवं निर्वाचन प्रक्रिया के समापन तक व्यवस्थाओं की निरंतर समीक्षा करते हुए प्रशासनिक तंत्र को सक्रिय एवं समन्वित रखा। मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंधों, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी एवं मतदान दलों की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। उनके निर्देशन में प्रशासन एवं पुलिस के बीच बेहतर तालमेल, फील्ड अधिकारियों की सक्रियता तथा समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की गई। निर्वाचन व्यवस्थाओं पर सतत नजर रखते हुए आवश्यकतानुसार त्वरित समन्वय एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिससे मतदान शांतिपूर्ण एवं निर्बाध रूप से संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर कमल राम मीना ने मतदान प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाने वाले सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती में प्रत्येक मतदाता की सहभागिता महत्वपूर्ण है। मतदाताओं के सहयोग एवं सक्रिय भागीदारी से निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों एवं अन्य कार्मिकों के प्रयासों की सराहना करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग देने वाले आमजन तथा मीडिया प्रतिनिधियों का भी आभार व्यक्त किया। ब्यावर जिले में पंचायती राज आम चुनाव-2026 का शांतिपूर्ण एवं सफल संपन्न होना प्रभावी नेतृत्व, तथा आमजन के लोकतंत्र के प्रति विश्वास का परिणाम रहा।



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर कमल राम मीना के नेतृत्व में निर्वाचन प्रक्रिया के प्रभावी संचालन पर आभार जताया।

पुनर्मतदान में 81.21 प्रतिशत मतदान हुआ

जोधपुर, (कासं)। आम चुनाव (पंचायत समिति सदस्य), 2026 के तहत जोधपुर जिले की पंचायत समिति बालेसर में दो मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण पुनर मतदान संपन्न हुआ और कुल 81.21 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

रिटर्निंग ऑफिसर के अनुसार संबंधित दोनों केंद्रों पर कुल 1836 पंजीकृत मतदाताओं में से 1491 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान केंद्रवार आंकड़ों के मुताबिक वार्ड संख्या 03 के बूथ संख्या 15 (राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, धर्मदिया बैरा देवनगर - बायां भाग) पर कुल 821 मतदाताओं में से 724 मत पड़े, जहां 88.19 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं वार्ड संख्या 10 के बूथ संख्या 63 (राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, धांधलों की ढाणी पाबूनगर) पर कुल 1015 मतदाताओं में से 767 मतदाताओं ने मतदान किया।

धर्मान्तरण प्रकरण में 7 इनामी वांछित स्थाई वारंटी गिरफ्तार

बांसवाड़ा । सज्जनगढ़ थाना पुलिस ने एक दिवसीय एरिया डॉमिनेशन विशेष अभियान के तहत धर्मान्तरण प्रकरण में 5-5 हजार रुपये के 7 ईनामी वांछित स्थाई वारंटी गिरफ्तार किये। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों की धरपकड़, आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिये एरिया डॉमिनेशन विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह के सुपरविजन एवं पुलिस उप अधीक्षक वृत्त कुशलगढ विनोद कुमार के निकट पर्यवेक्षण में सज्जनगढ थानाधिकारी सज्जनगढ धनपत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने धर्मान्तरण के मामले में 7 ईनामी वांछित स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी सिंह ने बताया कि गत 1 मई को प्रार्थी रवि भाभोर ने आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट देते हुए बताया कि 1 मई को लगभग 6 बजे प्रार्थी व उसके मित्र प्रशान्त तंवर पुत्र नाथुसिंह तंवर, लव पुत्र कमलेश टेलर, आदिश व अन्य लगभग 10 को सूचना मिली कि कलिंजरा में आरोपीगण धर्मान्तरण सभा आयोजित कर रहे है तथा वहां पर गोकशी की जा रही है। जिस पर हम पुलिस थाना कुशलगढ को सूचना देकर कलिंजरा डेम के सामने पहुंचे ही थे कि तभी आरोपियों ने हमें मौके पर घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी।